JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/03/401–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 27.03.2024

जयपुर मेट्रो रेल की सुरक्षार्थ जेएमआरसी अधिकारियों एवं मेट्रो पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन।

जयपुर 27 मार्च। जयपुर मेट्रो रेल की सुरक्षार्थ जयपुर मेट्रो अधिकारियों एवं मेट्रो पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक का दिनांक 27.03.2024 को जेएमआरसी के प्रशासनिक भवन, मानसरोवर, जयपुर में आयोजन किया गया। बैठक में मेट्रो रेल की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पुख्ता बनाने एवं मेट्रो कर्मचारियों और मेट्रो पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ाने हेतु उपयुक्त कदम उठाते हुए वर्कशॉप आयोजित करने, सुरक्षा संसाधनों में बढ़ोतरी करने पर विचार किया गया साथ ही मेट्रो पुलिस बल में कार्यरत कार्मिकों की संख्या बढ़ाने पर भी सकारात्मक चर्चा की गई ।

इस बैठक में श्री महेश कुमार भुराड़िया, निदेशक (कंपनी मामलात), श्री विवेक कुमार, निदेशक (परिचालन एवं प्रणाली), श्री सागर, आई.पी.एस., पुलिस उपायुक्त, जेएमआरसी, श्री संजय बंसल, कार्यकारी निदेशक, (कंपनी मामलात), श्री मोहम्मद सेफ, कार्यकारी निदेशक, (परिचालन), श्री रामस्वरूप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, श्री करण सिंह मीना, महाप्रबंधक (परिचालन), श्री अजयकान्त रतूडी, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, पुलिस थाना मेट्रो रेल जयपुर उपस्थित रहें। निदेशक (कंपनी मामलात), जयपुर मेट्रो द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया साथ ही पुलिस उपायुक्त, एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जेएमआरसी द्वारा मेट्रो संस्थान एवं मेट्रो रेल सुरक्षा हेतु मेट्रो पुलिस द्वारा बेहतर कार्य प्रदर्शन किये जाने हेतु आश्वस्त किया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो